हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री


14 यातायात नियमों की अनदेखी पड़ी भारी, पुलिस ने लिया तगड़ा एक्शन



12 संगठन, संस्कार और संस्कृति की मिसाल ...



**खबर संक्षेप**

### बेमेतरा में जुआ-सट्टा खेलते रंगे हाथों आरोपी गिरफ्तार



**बेमेतरा।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने जुआ-सट्टा के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड नंबर 21 कुर्मीपारा स्थित मणीकंचन के सामने एक व्यक्ति अंकों पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर सट्टा खेला रहा है। सूचना के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई, जहां एक व्यक्ति को विभिन्न नंबरों पर दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते हुए पकड़ा गया। आरोपी की पहचान खेलन साहू, पिता हरिराम साहू, उम्र 37 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 18 बाजारपारा बेमेतरा, थाना एवं जिला बेमेतरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल नगद 6,670 रुपये, 07 नग सट्टा-पट्टी एवं एक पेन जप्त किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत एक प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, मनीष मिश्रा, राहुल यादव सहित थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा के समस्त पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

## हर्ष : युवा नेतृत्व से कार्यकर्ताओं में नई उम्मीद और जोश

# नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बेरला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा बेरला मंडल के अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जमकर आतिशबाजी किया और नगर बेरला में रैली निकाल कर जश्न मनाया।

■ मिठाई बांटी और रैली निकालकर मनाया जश्न

भारतीय जनता पार्टी ने एक युवा चेहरा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर युवाओं में जोश भर दिया है। जिससे कार्यकर्ताओं में उम्मीद जगा है कि कोई भी पार्टी का सक्रिय सिपाही शिखर पर पहुंच सकता है और पार्टी का नेतृत्व कर सकता है।

इस अवसर पर भाजपा बेरला मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत ने बेरला मंडल के तरफ से नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दिया। पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने कहा कि नितिन नबीन के छत्तीसगढ़ प्रभारी के रूप में बहुत बढ़िया कार्य किया। जिसका फल स्वरूप छत्तीसगढ़ में भाजपा का सरकार नितिन नबीन एक कुशल संगठन कर्ता के साथ ही कुशल नेतृत्व करता है। वही बिहार सरकार में मंत्री के रूप में बहुत बढ़िया कार्य किया है। उसी का फलस्वरूप संगठन ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष का नेतृत्व दिया गया है। मैं छत्तीसगढ़ की जनता के तरफ से नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई देता हूँ।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर किया हर्ष व्यक्त



**साजा।** भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के बनने पर भाजपा मंडल साजा ने रैली निकालकर एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए हर्ष व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू ने कहा कि युवा नेतृत्व देश व पार्टी को ऊपर ले जाएगा, यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में हो सकता है। रैली में नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू, समिति अध्यक्ष पूरन साहू, त्रिलोकी साहू, लेखपाल यदु, पार्षद कमल राजपूत, गोलू साहू, आशीष वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बल्लू साहू, धर्मचंद जैन, नेतराम साहू, राघवेंद्र सिंह, आशु मानिकपुरी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**ये रहे उपस्थित**

नितिन नबीन को बधाई देने और जश्न मानने के लिए भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से अवधेश सिंह चंदेल सरगुजा संभाग प्रभारी, प्रीतम सिंह चंदेल सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, विशाल देशलहरे नगर पंचायत अध्यक्ष बेरला, संतोष साहू बेरला नगर पंचायत उपाध्यक्ष, अमृत माहेश्वरी विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत बेरला, रेवे सरपंच रघुबीर सिंहा, नारायण पटेल, जगदीश कुर्रे, मानक चतुर्वेदी, शिवझड़ी सिंहा, यतीश द्विवेदी, अरविंद राजपूत, कन्हैया सेन, कन्हैया वर्मा, कमल साहू, सिंपू परगनिहा, दीक्षांत साहू, मोहित साहू, लीला राम साहू, यशवंत साहू, राज राजपूत, मोहित साहू, लक्ष्मीलता वर्मा, भुनेश्वरी टंडन, दिलीप निषाद, अरमान सेन, बलराम यादव, बलराम सीवरे, नितेश सोनी, साहिल गेंद्रे, युगल पाटिल, राजू साहू, रमेश सिंहा, संतोष यादव, रोहित यादव, गंगा धर साहू, राजेश पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता व जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

# पत्नी की हत्या की रची साजिश, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के थाना परपोडी क्षेत्र में सामने आए एक सनसनीखेज मामले में पत्नी की मौत को बीमारी बताकर छुपाने की साजिश रचने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मर्ग जांच में जो सच सामने आया, उसने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। आरोपी पति ने पहले पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की, फिर उसकी मौत को उल्टी-दस्त से हुई बताकर परिजनों और पुलिस को गुमराह करता रहा।

■ पत्नी की मौत को बीमारी बताकर गुमराह करने की साजिश

पुलिस के अनुसार, मृतिका दमयन्ति सिन्हा की मौत के मामले में थाना परपोडी में मर्ग सदर धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान मायके पक्ष और अन्य गवाहों के बयान, पीएम रिपोर्ट और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों ने पूरे घटनाक्रम की परतें खोल दीं। 19 सितंबर 2025 को आरोपी पति किशुन सिन्हा ने मृतिका के परिजनों को फोन कर बताया कि दमयन्ति को उल्टी-दस्त हो रहे हैं और उसका इलाज कराया जा रहा है। कुछ समय बाद कहा गया कि उसे परपोडी के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है, फिर भिलाई रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान दमयन्ति की मौत हो गई। लेकिन मर्ग जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

### पत्नी के साथ की गई थी गंभीर मारपीटः पुलिस

पुलिस जांच में यह सामने आया कि आरोपी ने घटना की रात और अगली सुबह पत्नी के साथ गंभीर मारपीट की, जिससे उसके शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आईं और उन्हीं चोटों के कारण उसकी मौत हुई। आरोपी ने बीमारी का झूठा बहाना बनाकर साक्ष्य छुपाने और परिजनों को भ्रमित करने की साजिश रची। सभी तथ्यों के आधार पर आरोपी किशुन सिन्हा के खिलाफ धारा 103(1), 238, 61(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पूछताछ में कबूला आरोप रिमांड पर आरोपी

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर पेश किया। इस पूरी कार्रवाई में थाना परपोडी पुलिस टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस का कहना है कि मामले में साक्ष्यों को मजबूत कर न्यायालय में प्रभावी प्रस्तुति की जाएगी, ताकि आरोपी को कड़ी सजा दिलाई जा सके।




# ‘रामलला दर्शन योजना’: 60 तीर्थयात्रियों की बस अयोध्या के लिए रवाना

## नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने दिखाई हरी झंडी, नगर में गूंजा जय श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनकल्याणकारी ‘रामलला दर्शन योजना’ के अंतर्गत नगर से 60 श्रद्धालु तीर्थयात्रियों को लेकर एक बस अयोध्या धाम के लिए रवाना की गई। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बस को हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाओं सहित विदा किया। इस दौरान नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और राममय हो गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि रामलला दर्शन योजना मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच का प्रतीक है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों, विशेषकर वरिष्ठजनों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के दर्शन हर रामभक्त का सपना होता है, जिसे साकार करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। श्री सिन्हा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत तीर्थयात्रियों की यात्रा, आवास एवं भोजन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं शासन द्वारा पूर्णतः निःशुल्क की गई हैं, ताकि कोई भी श्रद्धालु आर्थिक कारणों से वंचित न रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना प्रदेश की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है।




### तीर्थयात्रियों को दी शुभकामनाएं

बस रवाना होते समय उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने “जय श्रीराम” के गगनभेदी जयघोष के साथ तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं। तीर्थयात्रियों के चेहरे पर अपार खुशी और श्रद्धा स्पष्ट झलक रही थी। यात्रियों ने मुख्यमंत्री एवं नगर पालिका अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया। कार्यक्रम में सभापति पंचू साहू, विकास तंबोली, नीतू कोठारी सहित नगर पालिका के पार्षद, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। बस के प्रस्थान के साथ ही श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए और संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया।

## खबर संक्षेप

### डाकघर के खातों में इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी शुरू

**भिलाई।** भारतीय डाक विभाग द्वारा अपने खाताधारकों की सुविधा, सुरक्षा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए डाकघर के सभी बचत खातों में इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसका उद्देश्य खाताधारकों की पहचान एवं पते का सत्यापन डिजिटल माध्यम से सरल, तेज़ एवं सुरक्षित तरीके से सुनिश्चित करना है।

प्रवर अधीक्षक डाकघर सिविक सेंटर भिलाई के अनुसार इ-केवाईसी प्रक्रिया के अंतर्गत खाताधारक के आधार नंबर के माध्यम से बायोमेट्रिक अथवा ओटीपी सत्यापन किया जाता है, जिससे कागजी दस्तावेज़ों की आवश्यकता नहीं रहती और केवाईसी प्रक्रिया तुरंत पूर्ण हो जाती है। यह सुविधा डाकघर बचत खाता, आवर्ती जमा, सावधि जमा, मासिक आय योजना, लोक भविष्य निधि, राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र और बचत योजनाओं के लिए लागू है। डाक विभाग ने खाताधारकों से इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी कराने की अपील की है।

### अतिरिक्त निर्माण को निगम के राजस्व टीम ने रोका



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन-4 शिवाजी खुर्सीपार क्षेत्र में अतिरिक्त निर्माण को राजस्व टीम ने रूकवाया। शिकायतकर्ता चंद्रशेखर पाण्डेय ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराया है कि सुभाष पाण्डेय द्वारा अपने भूमि पर अतिरिक्त निर्माण किया जा रहा है। प्राप्त शिकायत के आधार पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-4 के राजस्व विभाग की टीम द्वारा अतिरिक्त निर्माण को रूकवाया है। सुभाष पाण्डेय को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास मिला हुआ है, जितने भूमि पर मकान निर्माण किया जाना था, उससे अतिरिक्त भूमि पर निर्माण किया जा रहा था। राजस्व टीम एवं पीएम आवास के अभियंताओं द्वारा मौके पर पहुंचकर काम को रूकवाया गया। काम रोकने संबंधित से लिखित में लिया गया है। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, सुनील जोशी, वीजेन्द्र परिहार, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, पीएम आवास के अभियंतागण सहित बेदखली टीम के कर्मचारी उपस्थित रहें।

### जलकर नहीं पटाने वालों पर चरोदा निगम का शिकंजा

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में वार्डो में जल विभाग ने कार्यवाई किया है। जलकर के पुराने बकायदारों से राशि निगम कोष में जमा कराने निगम का अमला घर-घर दस्तक दे रहा है। महापौर निर्मले कोसरे, कमिश्नर डीएस राजपूत के द्वारा बीते दिनों बैठक लेकर समझाश दिया था। उसके बाद भिलाई-3 चरोदा के अवैध नल कनेक्श्न के खिलाफ कार्रवाई जारी है। समय पर अपना जलकर, संपत्तिकर, भू-भाटक, शिक्षा उपकर तथा समेकिति कर के अलावा यूजर चार्ज की राशि जमा नही करने वालो पर निगम कार्यवाई करेगा। स्वायत्तशासी संस्था होने के कारण निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी जन सुविधा सफाई, जलप्रदाय, निकाय के वाहनो के ईधन, निगम कर्मियो का वेतन शामिल है।

## विधायक दीपेश साहू ने किया दीप प्रज्वलन और मां शाकंभरी देवी के चित्र पर माल्यार्पण

# संगठन, संस्कार और संस्कृति की मिसाल बना कोसरिया मरार पटेल समाज का अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले के ग्राम फरी में मां शाकंभरी महोत्सव एवं छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज के वार्षिक अधिवेशन बड़े ही धूम धाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे विधायक दीपेश साहू कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

यह आयोजन समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और संगठनात्मक मजबूती का जीवंत उदाहरण बना। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक दीपेश साहू द्वारा समाज की गौरवशाली परंपराओं से जुड़े माँ शाकाँभरी देवी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मां शाकंभरी से समाज व क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और




प्रगति के लिए प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में समाज की गौरव प्रतिभावान बालक बालिकाओं को भी मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि कोसरिया मरार पटेल समाज अपने परिश्रम, संस्कार और अनुशासन के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में सम्मानित है। यह समाज शिक्षा, सामाजिक समरसता और विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने ऐसे सामाजिक अधिवेशनों को समाज को जोड़ने, दिशा देने और नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने वाला बताया। इस अवसर पर पटेल मरार समाज के सामाजिक (सामुदायिक) भवन का विधिवत लोकार्पण भी किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रदेश संरक्षक लोचन पटेल, राजेंद्र नायक, सुनील पटेल, सरपंच लक्ष्मण प्रसाद डेहरे,संतोष पाटिल, नीलकंठ पाटिल, मीनू पटेल सहित फरी खम्हरिया राज के समस्त पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# किसान भवन में संपन्न हुआ चार दिवसीय विशाल रामायण मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ मानस विज्ञान दर्शन ने युवाओं को किया आकर्षित

शहर के किसान भवन में श्री ब्रह्मदेव नवधा सत्संग नवयुवक समिति द्वारा चार दिवसीय विशाल रामायण मेला का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रदेश की ख्यातिलब्ध मानस मंडलियों ने सहभागिता की। मानस की मधुर, भक्तिमय एवं सांगीतिक प्रस्तुतियों से पूरा क्षेत्र राममय वातावरण में डूबा रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मानस विज्ञान दर्शन रहा।

मानस दर्शन जीवन अर्पण छत्तीसगढ़ के संस्थापक दीपक गुहा द्वारा छत्तीसगढ़ में मानस प्रशिक्षण के रूप में डिजिटल मानस विज्ञान दर्शन (पार्ट-1) की प्रस्तुति दी गई, जिसने विशेष रूप से युवाओं को मानस से जोड़ने का सशक्त प्रयास किया। इस अभिनव प्रस्तुति को लेकर उपस्थित युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। वहीं मानस विज्ञान दर्शन पार्ट-2 का आयोजन पूर्व पार्षद शिव साहू के संयोजन में मोहभट्ठा में किया गया, जिसे भी श्रोताओं ने भरपूर सराहा। मानस गान प्रतियोगिता के पश्चात निर्णायकों द्वारा परिणाम घोषित किए गए।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आदर्श मानस मंडली पाहन्दा, द्वितीय विनय मानस मंडली भिलौरी, तृतीय जय कारी पाट मानस मंडली सिवनी, चतुर्थ श्री श्रद्धा महिला मानस मंडली कचना, पंचम श्री तुलसी मानस मंडली रावाभाठा, षष्ठम श्री राम सिय मानस मंडली कोटगांव, सप्तम श्री राम सेवा सत्संग समिति पीपरभट्ठा तथा अष्टम श्रद्धा सुमन मानस मंडली बनबरौद को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त विशेष व्याख्या पुरस्कार रोहित गंधर्व, विशेष गायन कोटरा, तबला नहर खपरी तथा अनुशासन मटका को प्रदान किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिंहा, पार्षद नीतू कोठारी, जिला मानस संघ अध्यक्ष देवलाल सिंहा, मानस दर्शन छत्तीसगढ़ से दीपक गुहा, राजकुमार ताम्रकार, रिझन सेन, विष्णु साहू, गजेन्द्र वर्मा, बिहारी यदु, छगन साहू, लोकेंद्र सेन एवं श्रीमती कल्याणी सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### दुर्ग संभाग के 780 शिक्षक पदोन्नत होकर बने पूर्व माध्यमिक प्रधानपाठक

**भिलाई।** दुर्ग संभाग के 780 शिक्षकों को पदोन्नति दे दी गई है। ये पदोन्नत शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय दुर्ग संभाग ने 780 शिक्षकों को पदोन्नति देकर माध्यमिक प्रधानपाठक बनाने वाला प्रदेश में पहला संभाग हो गया है,जिसने इस सत्र में पदोन्नति दी हो। दुर्ग संभाग में इसके पूर्व भी मिडिल एचएम की पदोन्नति हो चुकी है, जबकि प्रदेश के अन्य संभाग में यह प्रक्रिया उलझी हुई है।

# साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति थे नेताजी सुभाष चंद्र बोस

**साजा/थान खमरिया।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक सेनानी नहीं, बल्कि आत्मसम्मान



और साहस की जीवित मिसाल थे। /”तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा/” के उद्घोष से भारत के बच्चे-बच्चे में शक्ति का संचार करने वाले नेताजी का व्यक्तित्व आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है।

भारतीय इतिहास में नेताजी जैसा कोई दूसरा व्यक्तित्व नहीं हुआ, जो एक साथ महान सेनापति, वीर सैनिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर का कूटनीतिज्ञ हो। उनकी नेतृत्व क्षमता का लोहा पूरी दुनिया ने माना। यह उनके शौर्य का ही प्रभाव था कि जर्मन तानाशाह हिटलर भी उनसे प्रभावित हुआ और अपने सैनिकों को उन्हें ‘शाही सलामी’ देने का आदेश दिया।

**देशभक्ति के लिए ठुकरा दी आईसीएस की नौकरी:** नेताजी ने अपने पिता के सपने को पूरा करने के लिए 1920 में इंग्लैंड में भारतीय सिविल सेवा की कठिन परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। लेकिन देशप्रेम की भावना इतनी प्रबल थी कि उन्होंने अंग्रेजों के अधीन काम करना स्वीकार नहीं किया और नौकरी छोड़कर देश के स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। नेताजी केवल एक योद्धा ही नहीं बल्कि एक महान विचारक भी थे। समाज में समानता के वे प्रबल पक्षधर थे। इसी क्रांतिकारी सोच के साथ उन्होंने दुनिया की पहली महिला सैन्य टुकड़ी ‘रानी लक्ष्मीबाई रेजिमेंट’ बनाई, जिसकी कमान कैप्टन लक्ष्मी सहगल के हाथों में सौंपी। उन्होंने कहा - राजनीतिक आजादी तब तक अधूरी है जब तक समाज में समानता न हो।

### जर्मनी में मिला नेताजी को सम्मान

उन्हें नेताजी की उपाधि भारत में नहीं, बल्कि जर्मनी में रहने वाले भारतीयों ने सम्मान स्वरूप दी थी। 6 माह के कारावास के दौरान उन्होंने वेदांत, भगवत गीता और यूरोपीय दर्शन का गहरा अध्ययन किया, जिसने उनके व्यक्तित्व को और अधिक प्रखर बनाया। देशवासियों का उनके प्रति प्रेम इतना गहरा था कि 20वीं सदी के अंत तक लोग यह विश्वास करते रहे कि उनके प्रिय नेता जीवित हैं और आवश्यकता पड़ने पर देश की बागडोर संभालने वापस आएंगे। नेताजी अपने लक्ष्यों के प्रति सदैव अडिग रहे और जो सपना देखा, उसे अपने पराक्रम से साधा।

# निगम क्षेत्र के बकाएदारों से 1.90 लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत लगातार कुर्की दल द्वारा बकाया करों की वसूली हेतु कार्यवाही किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर गठित कुर्की दल ने जोन क्रमांक- 3 एवं 5 क्षेत्र के बकायादारों से 1.90 लाख रूपये वसूल किये हैं।

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के बकायादारों से संपत्तिकर की लंबित राशि की वसूली हेतु कुर्की दल का गठन किया गया है। कुर्की दल बकायादारों से संपर्क कर रहे है, कुर्की दल द्वारा बकायादारों को समझाया जा रहा है कि मौके पर ही अपने भवन अथवा भूमि का बकाया संपत्तिकर की राशि भुगतान कर दें।



अन्यथा संपत्ति कुर्की कर बकाया राशि वसूल किया जाएगा। कुर्की के डर से बचने भूमि अथवा भवन स्वामी मौके पर ही राशि 1,90,910 रुपए जमा किये है। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिको से अपील की है कि अपने बकाया संपत्तिकर की राशि जल्द ही निगम कोष में जमा कर दें, अन्यथा की स्थिति में संपत्ति को कुर्की कर राशि वसूल किया जायेगा। जिसकी जवाबदारी भवन, भूमि स्वामी के स्वयं की होगी।

# धान खरीदी केंद्रों में लिकिंग टोकन की मांग तेज, किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

धान खरीदी केंद्रों में किसानों को हो रही परेशानी को लेकर सहकारी समितियों से जुड़े किसानों ने लिंकिंग के लिए टोकन काटने की व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई है। इसी मांग को लेकर सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के नाम सौंपा गया।



किसान नेता विनायक ताम्रकार ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के कारण बड़ी संख्या में किसान समय पर धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। किसान नेताओं के अनुसार प्रदेश में 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से करीब 34 लाख पंजीकृत किसान कृषि कार्य कर रहे हैं। इन किसानों ने जिला सहकारी बैंकों से लगभग 7000 करोड़ रुपये का ऋण खाद, बीज और नगद के रूप में लिया है। टोकन नहीं कटने और खरीदी लिमिट नहीं बढ़ने से किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं, जिससे उनके खाते एनपीए होने की आशंका बढ़ गई है। ऐसी स्थिति में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज के बजाय 13.25 प्रतिशत ब्याज चुकाना पड़ सकता है। विनायक ताम्रकार ने कहा कि मौजूदा प्रणाली में किसानों को बार-बार अनावश्यक इंतजार करना पड़ता है। इससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। लिकिंग टोकन की व्यवस्था लागू होने से धान खरीदी प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और किसान हित में होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कलेक्टर ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा दुर्ग के पूर्व जिलाध्यक्ष विनायक ताम्रकार के साथ जिला मीडिया प्रभारी भास्कर तिवारी, पार्षद जितेंद्र ताम्रकार, राहुल साहू, अभिजीत ताम्रकार, मनीष ठाकुर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनीष देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अटल टिंकरिंग लैब से नई पीढ़ी को संवार रहा बीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र केवल इस्पात उत्पादन तक सीमित एक औद्योगिक उपक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा, नवाचार और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में भी दीर्घकालिक दृष्टि रखने वाला संस्थान है। इसी सोच के अनुरूप संयंत्र द्वारा संचालित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। सेक्टर-10 स्थित बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब नई पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीकी दक्षता विकसित करने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरी नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत स्थापित यह अटल टिंकरिंग लैब सेल के अंतर्गत पहली लैब है।इसका उद्घाटन 2019 को सेल के निदेशक अतुल श्रीवास्तव द्वारा किया गया था। वातानुकूलित और आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित



यह लैब विद्यार्थियों को पारंपरिक कक्षा-कक्ष शिक्षण से आगे बढ़कर हैंड्स-ऑन लर्निंग का अवसर प्रदान करती है। इस अत्याधुनिक लैब में 3-डी प्रिंटर, रोबोटिक्स किट, डी-आई-वाई किट, रास्पबेरी-पाई, आर्डुइनो यूएनओ एवं नैनो बोर्ड, माइक्रोकंट्रोलर, सेंसर, स्टेम लर्निंग किट और इंटरैक्टिव बोर्ड जैसे आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं, जिसे विद्यार्थी सीखते हैं और काम करते है। एक समय में 40 से अधिक विद्यार्थी यहाँ प्रयोगात्मक गतिविधियों में भाग लेकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एस्टेम) आधारित समस्याओं के समाधान खोजते हैं।

## रोज सड़कों पर दौड़ रहे लाखों निजी, कर्मशियल व पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्हीकल

# टाउनशिप में बढ़ा ट्रैफिक, आवारा मवेशियों व सिमटती सड़कों से दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

टाउनशिप के प्रमुख मार्गों पर बढ़ता ट्रैफिक अब सुबह शाम जाम के हालात के साथ आए दिन दुर्घटनाओं को भी दावत दे रहा है। निरंतर बढ़ रहे वाहन,सिमटती पुरानी सड़कों और कमर्शियल गाड़ियों की आवाजाही और आवारा मवेशी लोगों पर भारी पड़ रहे हैं।

कुछ साल पूर्व तक खुले स्पेस और चौड़ी सड़कों वाला बीएसपी टाउनशिप अब वाहनचालकों के साथ पैदल चलने वालों के लिए भी सुरक्षित नहीं रह गया है। मुख्य सड़कों के साथ सेक्टरों के अंदर की सहायक सड़कों से लेकर क्रास स्ट्रीट तक ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है। इसके चलते निरंतर बढ़ रही दुर्घटनाओं में लोग घायल होने से हेड इंजुरी के साथ हाथ पांव फैक्चर हो रहे हैं। सेंट्रल एवेन्यू, 32 बंगला पावरहाउस गैराज रोड,डीपीएस रिसाली सड़क,नेहरू नगर स्टील क्लब रोड, जेपी चौक रोड और सेक्टर 1 व उतई रोड सहित दर्जनभर मुख्य सड़कों पर सुबह और शाम ड्यूटी और स्कूल तथा शापिंग टाइम सर्वाधिक ट्रैफिक होता है। हालात जाम के साथ दुर्घटनाओं वाले होते हैं। पिछले मात्र पखवाड़े भर में सेंट्रल एवेन्यू,एमजीएम रोड व गैराज रोड में नौ दुर्घटनाए हो चुकी हैं। तीन हेड इंजरी व चार कंधा व पावं फैक्चर से ग्रस्त लोगों को सेक्टर नौ हास्पिटल व जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल मड़ौदा निवासी रितेश बेनर्जी ने बताया कि एमजीएम स्कूल के सामने रोज जाम लगता है। स्कूटी की टक्कर से हेड इंजुरी के शिकार हुए। वहीं बुधवार को स्टील क्लब रोड में हुई एक अन्य दुर्घटना में घायल दीपेश को मेकाहारा रेफर किया गया। उल्लेखनीय है कि टाउनशिप लोकल व बाहरी गाड़ियों की आवाजाही से ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है। दुर्ग, रायपुर, पाटन और पावरहाउस क्षेत्र यानी चारों ओर की गाड़ियों का ट्रैफिक टाउनशिप से गुजरता है। वहीं सेक्टरों में घर घर में दो से तीन वाहन हैं।



### क्रॉस स्ट्रीटों का हों संधारण

टाउनशिप की प्रमुख सड़कों से लेकर अंदर की क्रास स्ट्रीट तक आवारा मवेशियों की समस्या लाइलाज होती जा रही है। रहवासियों ने बताया कि दुर्घटनाओं की सबसे बड़ी वजह सड़कों का चौड़ीकरण व टूलेन नहीं होने के साथ आवारा मवेशी और नशे में गाड़ी चलाना है। हजारों आवारा जानवरों का जमावड़ा सड़कों पर लगा होता है। इनसे आए दिन दोपहिया वाहनों के टकराने से लोग घायल होकर हाथ पांव तोड़वा रहे हैं। खटालों के मवेशियों के साथ पालूत गाय बछड़े भी लोग चारे की समस्या से बचने के लिए दूध दुहकर सड़कों पर मरने मारने के लिए छोड़ दे रहे हैं।

### चौक के साथ सड़कें भी हों चौड़ीं

टाउनशिप में पिछले कुछ सालों में गाड़ियों के साथ बेहिसाब ट्रैफिक भी बढ़ा है। लेकिन इसके अनुरूप सड़कों का चौड़ीकरण नहीं किया गया है। बीएसपी द्वारा चौक और रेल व डीपीएस चौक रोड, स्टील क्लब रोड की तरह सभी प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण व टूलेन में परिवर्तित किए जाने की मांग की जा रही है। वहीं सेंट्रल एवेन्यू पर भी सेक्टर 3 की तरह फ्लाईओवर का निर्माण किए जाने की जरूरत है। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार बताते हैं कि सभी मुख्य सड़कों के चौड़ीकरण के साथ क्रास स्ट्रीट का भी संधारण किया जाना चाहिए। साथ ही जरूरत के अनुरूप ट्रैफिक पोस्ट बना ट्रैफिक सिपाही की तैनाती भी हो।

# कानून तोड़ने वाले 40 लोगों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

कानून तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 40 के खिलाफ कार्रवाई किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि अड्डेबाजी, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन और कानून-व्यवस्था को तोड़ने वालों पर शिकंजा कसने का प्रयास पुलिस ने किया है। जिलेभर में एक साथ व्यापक एवं सघन विशेष अभियान चलाया गया।

सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के संदेश दिए गए है। अड्डेबाजी, सार्वजनिक पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

थाना सुपेला 4, पद्मनाभपुर 4, पाटन 4, उतई 4, पुलगांव 6, मोहन नगर 5, भिलाई नगर 3, कुम्हारी 3, खुर्सीपार 2, अण्डा 1, नेवई 1, जामुल 1, पुरानी भिलाई से 2 पकड़े गए। अभियान के तहत जिले के थाना, चौकी प्रभारियों की सहभागिता रही। अपील किया गया है कि सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन, अड्डेबाजी, कानून-व्यवस्था भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

## आदिवासी बाहुल्य वनांचल क्षेत्रों में विकास की तेज रफ्तार

# भावना बोहरा ने 14.58 करोड़ की लागत से 3 सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से हर नगर और दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में निरंतर सड़कों का विस्तार हो रहा है। वहीं मंगलवार को ग्राम पाढ़ी और भाकुर में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने 14 करोड़ 58 लाख 5 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 3 बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम पाढ़ी में 9 करोड़ 52 लाख 35 हजार रुपए की लागत से पंडरिया से बकेला तक कुल 13 किलोमीटर सड़क निर्माण एवं ग्राम भाकुर में 3 करोड़ 38 लाख 90 रुपए की लागत से सेंदूरखार से छिंदीडीह तक 10.50 किलोमीटर और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 1 करोड़ 67 लाख 25 हजार रुपए की लागत से पंडरीपानी से बाकी-बोदरी पंडरिया तक 2.30 किलोमीटर तक सड़क निर्माण कार्य का क्षेत्रवासियों के साथ भूमिपूजन कर बधाई दी। वर्तमान समय मे पंडरिया विधानसभा में लगभग 350 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य जारी है, जिससे विधानसभा वासियों को आने वाले समय में सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। इन 3 बहुप्रतीक्षित सड़कों के निर्माण से मोतिमपुर पाढ़ी, गांगपुर, गौरकापा, खैरझिटी पुराना, लिम्हईपुर, देवसरा, बकेला, भाकुर, तेलियापानी धोबे, जखनाडीह, छिन्डीडीह, पंडरीपानी एवं बाकी बोदरी सहित आस-पास के गांवों में निवासरत परिवारों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### अधोसंरचना निर्माण से वनांचल क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं




विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का यह दिन हमारे वनांचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग 14.58 करोड़ से अधिक की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन पंडरिया विधानसभा में विकास, विश्वास और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विकास को नई गति देते हुए आज यहां सड़क, बिजली, पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही अधोसंरचना निर्माण से वनांचल क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहें हैं। यह भाजपा की विकासपरक सोच, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।

# प्रयागराज माघ कुंभ में शंकराचार्य से कथित दुर्व्यवहार पर सियासी घमासान

■ अर्जुन तिवारी ने कहा यह केवल संत का नहीं, सनातन संस्कृति का अपमान है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव





प्रयागराज के पावन माघ कुंभ क्षेत्र में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज एवं उनके शिष्यों के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना से न केवल धार्मिक जगत में गहरा आक्रोश व्याप्त है, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। शंकराचार्य के कथित अपमान को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा एक बड़े विवाद का रूप ले सकता है। जिस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि एवं नेता अर्जुन तिवारी ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक आधिकारिक विज्ञप्ति जारी की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज संगम की पवित्र धरती पर शंकराचार्य के साथ जो हुआ, वह किसी एक व्यक्ति का अपमान नहीं, बल्कि समस्त सनातन संस्कृति के मस्तक पर सीधा प्रहार है। ऐसी घटना अत्यंत निंदनीय है। उन्होने कहा कि ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि लगभग 300 वर्षो के प्रतिबंध के बाद महान पेशवाओं के प्रयास और बलिदानों से कुंभ परंपरा को पुनर्जीवित किया गया था। उसी माघ कुंभ में सनातन धर्म के प्रमुख धर्मगुरु के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौनी अमावस्या जैसे पावन पर्व जो मौन, तप, करुणा और आत्मसंयम का प्रतीक माना जाता है के दिन इस प्रकार की घटना होना धार्मिक मर्यादाओं के विपरीत है।

### संवैधानिक और धार्मिक मर्यादाओं का उल्लंघन

श्री तिवारी ने कहा कि धर्माचार्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को पुलिस द्वारा रोकना और उनके समर्थकों के साथ धक्का-मुक्की अशोभनीय है। यह सत्ता के अहंकार का प्रतीक है। पुलिस को संविधान से संचालित होना चाहिए, न कि सत्ता के दबाव से उन्होंने यह भी कहा कि शिखा केवल केश नहीं, बल्कि ब्रह्मचर्य, तप, विद्या और सनातन परंपरा की पहचान है। किसी सन्यासी या शिष्य के साथ इस प्रकार का व्यवहार सांस्कृतिक मूल्यों पर आघात है।

### मौन अब साधना नहीं, चिंता का विषय

अर्जुन तिवारी ने कहा कि सनातन समाज लंबे समय से सहनशीलता के नाम पर अपमान सहता आ रहा है, लेकिन अब यह मौन साधना नहीं बल्कि चिंता का विषय बनता जा रहा है। जब धर्म और परंपरा पर प्रहार होता है, तब चुप रहना भी अधर्म के समर्थन के समान हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### संगीता साहू बनीं जिला भाजपा महिला उपाध्यक्ष



**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी ने जिला महिला मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। सोमवार रात उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से सूची जारी करते हुए संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपीं। जारी सूची के अनुसार जिले में 6 उपाध्यक्ष, 5 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 30 कार्यकारिणी सदस्य, 10 स्थायी आमंत्रित सदस्य, 25 विशेष आमंत्रित सदस्य एवं 14 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसमें संगीता साहू को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी तथा महिला सशक्तिकरण के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

# हरिनछपरा धान खरीदी केंद्र में भारी अव्यवस्था, किसान व कर्मचारी परेशान

## चबूतरे कम, सड़क कच्ची, शौचालय–पानी–बिजली का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर





जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर बोड़ला विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हरिनछपरा स्थित धान खरीदी केंद्र इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं का सामना कर रहा है। शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए नया धान खरीदी केंद्र तो बनाया गया, लेकिन पर्याप्त संसाधन और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में यह केंद्र किसानों व कर्मचारियों दोनों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।

धान खरीदी केंद्र में केवल चार चबूतरे का निर्माण किया गया है, जबकि इस केंद्र के अंतर्गत 7 से 10 गांवों के किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं। धान की अधिक आवक के कारण अब बोरे जमीन पर रखने की नौबत आ गई है, जिससे समस्या और भी बढ़ गई है। खुले आसमान के नीचे धान रखा जा रहा है और बोरे पहाड़ जैसे ढेर में तब्दील होते जा रहे हैं। उठाव की गति धीमी होने के कारण केंद्र में लगातार जाम की स्थिति बन रही है। धान खरीदी केंद्र ग्राम हरिनछपरा चौक से नाऊडीह जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क के किनारे तथा बिजली सब स्टेशन के पास संचालित किया जा रहा है।

यहां किसानों के लिए झोपड़ी नुमा अस्थायी कार्यालय बनाया गया है, जहां वे टोकन कटवाने के लिए मजबूर हैं। केंद्र में शौचालय, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है, जिससे किसान और कर्मचारी दोनों परेशान हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि पीएम सड़क से धान खरीदी केंद्र तक जाने वाला मार्ग कच्चा है, जिससे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मैदान छोटा होने के कारण ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लग जाती हैं और किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।

### धान खरीदी केन्द्र हरिनछपरा में भारी समस्याएं

किसानों का कहना है कि यदि मौसम में बदलाव हुआ या बारिश हो गई तो खुले में रखा धान अंकुरित हो सकता है, जिससे न केवल किसानों बल्कि शासन को भी भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऐसे में हरिनछपरा धान खरीदी केंद्र में स्थायी कार्यालय भवन, शौचालय, बिजली-पानी की व्यवस्था, चबूतरे की संख्या बढ़ाने तथा पक्के मार्ग के निर्माण की सख्त आवश्यकता है। किसानों और कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आगामी धान खरीदी सत्र से पहले इन समस्याओं का समाधान किया जाए, ताकि धान खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके और सभी को राहत मिल सके।

## पेण्ड्रीकला में एसआईआर मतदाता सूची में नाम मिसमैच का किया सुधार



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला भाग संख्या- 198 व 199 में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत लॉजिकल एरर नाम मिसमैच का निराकरण किया गया। अभिहित अधिकारी प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, शिक्षक सुनील कश्यप, बीएलओ संतोषी चंद्राकर, बिन्दा बंजारे ने बताया कि मतदाताओं को ग्राम पेण्ड्रीकला के ग्राम पंचायत में आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासबुक या अन्य सरकारी दस्तावेज का फोटो कॉपी जिसमें पिता-पति का नाम को लेकर मैच करना जरूरी है, उनसे घर- घर जाकर आवेदन लिए गए व साथ में बीएलओ अंडरटेकिंग-प्रमाण पत्र अपलोड कर वेरीफाई किया जा रहा है।

## निधन

### विद्या देवी तिवारी



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम कोयलारी निवासी श्रीमती विद्या देवी तिवारी का निधन हो गया। स्व. श्रीमती विद्या देवी तिवारी 72 वर्ष की थी, वहीं उनकी अंतिम संस्कार सोमवार को कोयलारी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। स्व. श्रीमती तिवारी अपने पीछे पूरा परिवार छोड़कर चली गई। वे अशोक, बिरेन्द्र, दिनेश, विजय, एवं पुत्री उमा शर्मा की मां थी, उनकी निधन से तिवारी परिवार में शोक व्याप्त है।

**न्यायालय- तृतीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी- आनंद कुमार ध्रुव)**
प्रो.क्र. - 159, प्र.क्र.- HMA/377/2025
पेशी.ता. 16.02.2026, धारा 13 (1)(i-a).(i-b) हिं.वि.अ.

आवेदक/ आवेदिका **आशीष कुमार केशरवानी उर्फ आशीष कुमार गुप्ता**

बनाम

अनावेदक / अनावेदिका **शालिनी गुप्ता**

प्रति,
**अनावेदिका :- शालिनी गुप्ता, उम्र 42 वर्ष, पति-आशीष कुमार गुप्ता निवासी-नागपुरा चिरहा, बेमेतरा, जिला- बेमेतरा छ.ग.**

उपरोक्त आवेदक/आवेदिका ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा - 13(1)(i-a). (i-b) हि.वि.अ. का प्रकरण प्रस्तुत किया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 16.02.2026 को 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य / दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक 16.02.2026 को प्रस्तुत कर सकते है।

यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है, तो अगले कार्यालयीन कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख 19 माह 01 सन 2026 को जारी किया गया।

स्थान रायपुर (छ.ग.) दिनांक 19.01.2026

मुहर

**( आनंद कुमार ध्रुव)**
**तृतीय अति. प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)**

# कुण्डा स्कूल के विद्यार्थियों को कराया गया औद्योगिक भ्रमण एवं इंटर्नशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा




शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल कुण्डा में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत कक्षा 9वी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को हेल्थ केयर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा में औद्योगिक भ्रमण एवं इंटर्नशिप कराया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय वस्तु के साथ-साथ कौशल विकास व रोजगारों उन्मुख शिक्षा से पारंगत करना है, इस दौरान चिकित्सा अधिकारी हेमराज ठाकुर, डॉ अजय आनंद और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्य सहयोगी स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत मलेरिया टेस्ट ब्लड टेस्ट एवं मरीज के केयर संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस इंटर्नशिप और औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम को विद्यालय के प्राचार्य जीएस मक्कड, व्यावसायिक प्रशिक्षिका लेखमनीषी साहू एवं व्याख्याता आरसी बंजारा एवं एम अलसरे की सहयोग से सफल हुआ।

## छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान

**कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और संस्कृति की सुगंध अब राष्ट्रीय धरातल पर अपनी पहचान को और अधिक सुदृढ़ कर रही है। इसी कड़ी में कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम सैहामालगी निवासी दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी ने कथक नृत्य के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। ग्राम सैहामालगी निवासी शिक्षक रामजी चंद्रवंशी की सुपुत्री दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी को दूरदर्शन रायपुर द्वारा कथक नृत्य की बी-ग्रेड कलाकार की मान्यता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर उनकी निरंतर साधना और प्रतिभा का प्रमाण है। दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से कथक नृत्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने अपनी गुरु डॉ नीता गहरवार के कुशल मार्गदर्शन में विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही कथक की सीनियर कलाकार डॉ रानी सिंह से भी उन्हें निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहा।

## विज्ञान मेला में दिखी बच्चों की रचनात्मक सोच

**सोमनी।** प्राथमिक शाला ठेकवा मैं भी कलाम विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। यह विज्ञान मेला संकल्प एक प्रयास के चयनित प्रोजेक्ट अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें सुंदरा, ठाकुरटोला, ठेकवा, अचानकपुर भाटापारा एवं फरहद से आए लगभग 30 -35 बच्चों ने अपने वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों के साथ उनके शिक्षक भी उपस्थित थे। इस मौके पर महिलाओं को महावारी स्वच्छता की जानकारी देकर पैड वितरण किया गया। कार्यक्रम में फेलो विनीता कश्यप, गरिमा कोऑर्डिनेटर खुशबू, मेंटोर एबीजी फेलो रेणुका वर्मा, गरिमा फेलो भारती बंजारे एवं एडमिन देवेंद्र, दिव्या जिला कोऑर्डिनेटर, टॉलमी जॉली, जॉली मेडम, अपुप मिश्रा, शालिनी यादव, शालिनी साहू, जयश्री साहू, अपूर्वा सर्वा आदि उपस्थित थे। मेले में सूर्य, पृथ्वी, चंद्रमा, ग्रीन हाउस, प्रकाश, ध्वनि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, स्वच्छता आदि पर आधारित मॉडल प्रदर्शित किए गए। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नितिन नबीन को भाजयुमो मंडल कुण्डा ने शुभकामनाएं प्रेषित की

**हरिभूमि कुण्डा।** नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुण्डा की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जानकारी साझा करते हुए पुरषोत्तम निर्मलकर ने बताया नितिन नबीन भाजपा के एक प्रमुख राजनेता है, नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होना अत्यंत उत्साह और हर्ष का विषय है। युवाओं में काफी उत्साह और उमंग है, नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने के पीछे उनकी कड़ी मेहनत परिश्रम और लगन और संगठन के लिए समर्पित और लंबे समय से जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करने की क्षमता एक नई जिम्मेदारी के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी सर्वोच्च पद राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होना अपने आप में गर्व का विषय है, नितिन नबीन का जन्म 1980 में पटना बिहार में हुआ। छात्र जीवन में ही विद्यार्थी परिषद में छात्र नेता के रूप में काम किया। नितिन नबीन के पिता स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भाजपा के प्रमुख नेता थे। पिता के देहांत के बाद अपने माता के कहने पर पिता के कार्य को आगे बढ़ते हुए राजनीति में आए। 2006 में पहली बार पटना पश्चिम से विधायक चुने गए। फिर लगातार 4 बार बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। बिहार सरकार में मंत्री पद पर सड़क निर्माण मंत्री, शहरी विकास एवं आवास मंत्री और विधि एवं न्याय मंत्री रहे। वर्तमान में बिहार सरकार में मंत्री पद पर कार्यरत है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव भारतीय जनता पार्टी बिहार राज्य के प्रदेश अध्यक्ष रूप में कार्य किया है। 2023 में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में बीजेपी छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी के रूप में संगठन में मजबूती से काम करते हुए। छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंक कर भारतीय जनता पार्टी कि सरकार बनाने में सफल रहे। वर्तमान में छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। छात्र राजनीति से लेकर संगठन के विभिन्न पदों पर कार्य किया है। अपनी सादगी और संगठनात्मक कुशलता और बूथ स्तर से शीर्ष नेतृत्व तक समन्वय बनाने की क्षमता से जाने जाते हैं। संघर्ष और मेहनत के दम पर आगे बढ़ाने वाले नेता के रूप में जाने जाते हैं यही कारण है की नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और उमंग है निश्चित रूप से नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुण्डा ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के ताजपोशी पर भाजपा मण्डल कुण्डा ने की आतिशबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

विश्व की सबसे बड़े राजनैतिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर नितिन नबीन के ताजपोशी पर भाजपा मण्डल कुण्डा ने आतिश बाजी कर खुशी जाहिर की। मंगलवार को छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को भाजपा ने विधिवत राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा की नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के ताजपोशी होते ही देश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एवं मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की, इसी कड़ी में भाजपा मण्डल कुण्डा ने अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के नेतृत्व में विधायक कार्यालय कुण्डा में कार्यकर्ताओं ने आतिश बाजी कर एवं मिठाई खिलाकर मंगल उत्सव मनाया। इस अवसर पर बालमुकुंद चंद्रवंशी, मनहरण साहू, दिनेश मिश्रा, गणेश यादव, संतोष ध्रुव, मनोज ठाकुर, नकुल सागर, देवेंद्र चंद्रवंशी, रमन खनूजा, सूरज यादव, साहेब लाल सोनवानी, नीलेश गुप्ता, शेखर चंद्रवंशी, राजकुमार कश्यप, प्रताप सेन, लव साहू, कोमल साहू, राजेश यादव, सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गाडाडीह में आधी रात पकड़ाया 600 कट्टा अवैध धान

**साजा।** लगातार सुर्खियों में रहने वाला गाड़ाडीह सोमवार की रात फिर चर्चा में रहा। बीते सप्ताह गाड़ाडीह सोसाइटी में धान के मामले को लेकर पूरे प्रदेश में चर्चा जोरों में थी। मामला थाने तक पहुंचा। इस बीच दुर्ग से बेमेतरा धान लाया जा रहा है कि सूचना मिलते ही प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया। उच्च अधिकारियों को सूचना देने के बाद अधिकारियों ने टीम बनाकर जिले की सरहद पर निगरानी तेज कर दी। आधी रात ट्रक से अवैध धान गाडाडीह में दीप भुवाल के कोठार में खाली करते साजा तहसीलदार मानकर नायब उमेश लहरी, फूड इंस्पेक्टर अमित तिवारी और मंडी निरीक्षक तौफीक मेमन ने टीम पकड़ा और ट्रक में भरा 600 से अधिक कट्टा धान जब्त किया। पहली बार आधी रात को हुई कार्रवाई से हड़कंप मच गया। एक साथ अधिकारियों की गाड़ी गांव में सायरन बजाने लगी। स्थानीय पटवारी, कोटवार के साथ पुलिस बल की उपस्थिति में माल जब्त कर गाड़ी परपोड़ी थाने के सुपुर्द की गई। टीम अब आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### भरदा कला में नवधा रामायण कल से

**साजा।** ग्राम भरदा कला में इस वर्ष भी अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 22 से 25 जनवरी तक रखा गया है। समिति सदस्य सनत साहू ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। श्रद्धालुओं को बैठने के लिए उचित व्यवस्था की गई है।

### अदतन चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** दो अलग-अलग चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तापर किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि प्लॉट 3, फेस 6, मैत्री नगर नेवई निवासी उमाकांत यादव के दुकान में कृष्णा टॉकीज रोड प्लांट नं. 1 मैत्री नगर, प्रगति नगर रिसाली निवासी दिनेश बैंजामिन मकान से चोरी हुआ था। पुलिस ने सूचना पर ग्राम धनौरा शक्ति पारा निवासी ठामेश्वर साहू उर्फ रवि खंती तालाब के पास पदमनाभपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर दुकान व मकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से 14 हजार नगद बरामद किया गया। आरोपी के बारे में पुलिस को पता चला कि पदमनाभपुर से कार, भिलाई नगर से बाइक, बालोद क्षेत्र से एटीएम में चोरी का प्रयास करने की जानकारी मिली।

## निधन

### प्रदीप साहू



**साजा।** स्थानीय निवासी प्रदीप साहू का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे भोले राम साहू, प्रमोद साहू के भाई थे।

---

**प्रवचन : मनियारी ग्राम में माघ शुक्ल पक्ष में कथा का आयोजन**

# श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ में वराह अवतार की कथा ने भक्तों को किया भाव-विभोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

ब्लॉक बेरला क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मनियारी में चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह कथा के माघ शुक्ल पक्ष 2 दिन मंगलवार को पंडित अमित महाराज ने कथा के माध्यम से सृष्टि की रचना के प्रसंग व वराह अवतार का वर्णन किया। उन्होने कहा कि पृथ्वी को पाताल लोक से लाने के लिए श्री हरि विष्णु ने वराह अवतार लिया।

इसे सुन श्रद्धालु भाव विह्वल हो गए। कथा वाचक ने कहा कि सबसे पहले भगवान श्री हरि विष्णु की नाभि से कमल के फूल पर बैठे ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई और भगवान श्री हरि विष्णु के आदेश के अनुसार ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की। उन्होंने मनु और सतरूपा की उत्पत्ति की। मनु और सतरूपा से पांच संतानें दो पुत्र और तीन कन्या हुईं। इसके बाद कहा कि एक दैत्य पृथ्वी को पातालपुरी ले गया और पृथ्वी को वापस लाने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु ने वराह अवतार लिया। पंडित अमित महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के दौरान युवाओं को माता-पिता की सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होने माता-पिता का अपने पुत्र के प्रति त्याग एवं समर्पण को दर्शाया। कथा के दौरान भजन गायक द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसे सुन कर श्रद्धालु झुम उठते रहे।

- पंडित अमित महाराज ने की सृष्टि और धर्म रक्षक अवतार की व्याख्या

### दिया आध्यात्मिक संदेश

व्यास पीठ से संदेश देते हुए कहा गया कि वराह अवतार हमें सिखाता है कि जब भी धर्म पर संकट आता है या मानवता संकट में डूबती है, ईश्वर किसी न किसी रूप में रक्षक बनकर अवश्य आते हैं। इस प्रसंग के दौरान वराह भगवान की सुंदर झांकी भी सजाई गई, जिसे देख भक्त भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर पूरा देवांगन परिवार रामकृत देवांगन, पुणेश्वर, देवांगन, गौतम देवांगन, कुंती देवांगन, चित्रलेखा देवांगन, सत्तू देवांगन आदि ग्रामीण इस कथा में सम्मिलित होकर कथा का आनंद लिया।

### बारगांव में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह 28 से



**बेमेतरा।** ग्राम बारगांव में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 28 जनवरी से 5 फरवरी तक किया जा रहा है। कथावाचक सिमगा वाले श्रीधाम वृंदावन से दीक्षा प्राप्त श्रद्धा दीदी हैं। प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक कथा का समय है। साथ ही रात 8 से रात 10 बजे तक भजन संगीत भी होगा। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 28 जनवरी को कथा स्थल से शाम 4 बजे कलश यात्रा के साथ शुरू होगी तत्पश्चात वेदी पूजन, गोकर्ण उपाख्यान की कथा होगी।

वहीं 29 जनवरी को सृष्टि वर्णन, वराहावतार, 30 जनवरी को कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र की कथा होगा। 31 जनवरी को प्रहलाद चरित्र व 1 फरवरी को श्रीराम कथा, श्रीकृष्ण जन्म, 2 फरवरी को बाललीला, श्रीकृष्ण-रूखमणी विवाह होगी। वहीं 3 फरवरी को द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र, 4 फरवरी को परीक्षित मोक्ष, चढोत्री, शोभायात्रा व 5 फरवरी को गीता सहसधारा, तुलसी वर्षा व हवन पूर्णाहुति होगी। आयोजन की तैयारी में मनहरण वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, मंगला यादव, चुम्मन वर्मा, श्याम, नागेश्वर साहू, ईश्वरी साहू, कमलनारायण सहित गांव के पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

### वृंदावन की झांकी रहेगी मुख्य आकर्षण का केंद्र

श्रीमद्भागवत कथा में श्रीधाम वृंदावन की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी, क्योंकि यह भगवान कृष्ण की लीलास्थली है और कथा के दौरान राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती व अन्य देवी-देवताओं की सजीव और मनमोहक झांकियां सजाई जाएगी, जो भक्तों को भक्ति रस में डुबो देती हैं और वातावरण को दिव्य बना देती हैं। अपनी कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं, रासलीला, सुदामा-कृष्ण मिलन आदि के प्रसंगों को झांकियों के माध्यम से जीवंत कर देते हैं।

## झलियापुर में 11 कुण्डीय श्री रूद्र महायज्ञ व दिव्य ज्योतिर्लिंग दर्शन का भव्य आयोजन



**बेमेतरा।** जिले के छिरहा–बिरमपुर सीमावर्ती ग्राम झलियापुर इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म का विराट केंद्र बन गया है, जहाँ 14 जनवरी से 22 जनवरी तक आयोजित 11 कुण्डीय श्री रूद्र महायज्ञ, संगीतमय श्री सिद्धेश्वर शिव महापुराण कथा एवं एक किलोमीटर लंबी दिव्य गुफा में द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन ने पूरे अंचल को धर्ममय वातावरण से ओतप्रोत कर दिया है। इस भव्य आयोजन में न केवल हजारों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं, बल्कि न्यायपालिका, पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता को और भी ऊँचाइयाँ दी हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 जनवरी भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। शिव महापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से शिव इच्छा तक आयोजित की जा रही है। आयोजन में महासमुंद (सरायपाली) की जिला न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन, खैरागढ़ की जिला न्यायाधीश मोहनी कंवर, बलौदाबाजार के जिला न्यायाधीश संजय रात्रे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी,जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमीजन शामिल हुए।

**दिव्य गुफा में 12 ज्योतिर्लिंगों का किया दर्शन:** आयोजकों ने बताया कि भगवान उमाशंकर एवं मां महामाया की असीम कृपा तथा पूर्वजों के आशीर्वाद से यह पावन आयोजन ग्राम झलियापुर में संपन्न हो रहा है। श्रद्धालुओं ने यज्ञ भगवान की परिक्रमा, रूद्र महाभिषेक, शिव महापुराण कथा श्रवण तथा दिव्य गुफा में 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। यज्ञाचार्य के रूप में जनार्दनाचार्य जी महाराज (तीर्थराज प्रयाग) तथा कथा व्यास के रूप में अनंत विभूषित महामंडलेश्वर बाल साध्वी पुष्पांजलि गिरी (श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा, हरिद्वार) द्वारा ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचन दिए जा रहे हैं। इस आयोजन में गुलाम सिंह, सुखराम सिंह, ओंकार सिंह, सियाराम सिंह, चंद्रभान सिंह सहित ग्रामवासी झलियापुर का उल्लेखनीय योगदान रहा। आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों की उपस्थिति ने इस आयोजन को सामाजिक समरसता और भाईचारे का अनुपम उदाहरण बना दिया है। यह धार्मिक आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का प्रसार कर रहा है, बल्कि ग्राम्य संस्कृति, परंपरा और सामूहिक सहभागिता की सशक्त तस्वीर भी प्रस्तुत कर रहा है।

## केंद्रीय खेल मंत्री से भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी की शिष्टाचार भेंट



**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी के किसान नेता योगेश तिवारी ने केंद्रीय खेल एवं युवा कार्य मंत्री मनसुखभाई मांडविया से शिष्टाचार एवं वैचारिक मुलाकात की। यह भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें छत्तीसगढ़, विशेषकर बेमेतरा जिले से जुड़े राजनीतिक, सामाजिक एवं विकासात्मक विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।

मुलाकात के दौरान योगेश तिवारी ने मंत्री श्री मांडविया को अवगत कराया कि आगामी 14 फरवरी को उनका छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में प्रवास प्रस्तावित है। इस अवसर पर उन्होंने मंत्री से बेमेतरा जिले में भी आगमन हेतु समय देने का आग्रह किया, ताकि जिले के किसानों, युवाओं एवं ग्रामीण अंचल से जुड़े विषयों पर प्रत्यक्ष संवाद हो सके। योगेश तिवारी ने बेमेतरा जिले की वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक एवं संगठनात्मक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिले के विकास, युवाओं के लिए खेल अधोसंरचना, ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने तथा किसान हितों से जुड़े मुद्दों से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जैसे कृषि प्रधान एवं ग्रामीण बहुल जिले में केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है।

केंद्रीय मंत्री मनसुखभाई मांडविया ने चर्चा के दौरान कहा कि केंद्र सरकार खेल एवं युवा कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के लिए विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में खेल और युवाओं के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी।

## निषाद राज जयंती में पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेलईकुड़ा में आयोजित गुहा निषाद राज जयंती समारोह में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग, सामाजिक बंधु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान समाज की एकता, गौरवशाली इतिहास और भविष्य की दिशा पर विस्तार से चर्चा की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि गुहा निषाद राज केवल भगवान श्रीराम के सखा ही नहीं थे, बल्कि वे रामराज्य के प्रथम नागरिक के रूप में प्रतिष्ठित रहे। वनवास काल में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण को गंगा पार कराने का गौरव भी निषाद राज को प्राप्त है। यह निषाद समाज के त्याग, सेवा और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि निषाद समाज का योगदान भारतीय संस्कृति और इतिहास में अतुलनीय है, जिसे कभी नकारा नहीं जा सकता। पूर्व विधायक ने समाज की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज निषाद समाज के लोग प्रशासनिक सेवाओं से लेकर राजनीति तक विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं, जो अत्यंत गर्व का विषय है। यह समाज की जागरूकता और मेहनत का परिणाम है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि समाज को और अधिक सशक्त बनाने के लिए शिक्षा का व्यापक प्रसार आवश्यक है। विशेष रूप से महिला शिक्षा पर जोर देते हुए आशीष छाबड़ा ने कहा कि यदि समाज की महिलाएं शिक्षित होंगी तो पूरा समाज स्वतः प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने निषाद समाज से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों, विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दें ताकि आने वाले समय में वे देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। पूर्व विधायक ने इस अवसर पर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति को साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता, एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में ललित विश्वकर्मा, घाशी वर्मा, शशि प्रभा गायकवाड, जुड़ावन वर्मा, रामगोपाल निषाद, तुलसी निषाद, रामकुमार निषाद, पीतांबर निषाद, चुम्मन निषाद, रामसाय निषाद, देवकिशन निषाद, श्रवण निषाद, कुमार वर्मा, लोकसिंह वर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। आयोजन पूरे उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक एकजुटता के साथ संपन्न हुआ।

## यातायात नियमों की अनदेखी पड़ी भारी, पुलिस ने लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस बेमेतरा द्वारा जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

- 24 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई, 8,700 रुपये वसूले

इसी क्रम में 19 जनवरी को यातायात बेमेतरा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 24 वाहन चालकों पर 24 प्रकरण दर्ज किए गए। नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 8,700 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। अभियान के दौरान तेज गति से वाहन चलाना, भारी वाहनों में अनियमितता, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाना, मॉडिफाइड साइलेंसर, शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, सउनि मोहन साहू सहित थाना-चौकी प्रभारी एवं यातायात पुलिस टीम उपस्थित रही।

### ट्रैफिक पुलिस ने की यातायात नियमों का पालन करने की अपील

यातायात बेमेतरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें। पिकअप व मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाएं, दोपहिया वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर न लगाएं, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें, बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें, मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं। नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल अपराध है, बल्कि जानलेवा भी हो सकता है। यातायात पुलिस ने बताया कि यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और वाहन चेकिंग के दौरान आम नागरिक पुलिस का सहयोग करें।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सरकारी स्कूल में हुआ विविध कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में हाई स्कूल नरी के प्राचार्य सुनील कुमार झा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के लिए "मतदाता जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों की भूमिका" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता से की गई।

- निबंध लेखन प्रतियोगिता और मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार झा के मार्गदर्शन से जागरूकता

इसके पश्चात संस्था के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार झा ने मतदाता जागरूकता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राज्य में संचालित एस.आई.आर. कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मतदाता के रूप में पंजीकरण की पात्रता तथा फॉर्म 6, 7 एवं 8 की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों से मतदाता पंजीयन एवं जागरूकता के लिए आम जनता को प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**समारोह में अतिथियों ने की बच्चों की प्रतिभा और विद्यालय प्रबंधन की सराहना**

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



साजा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की मासूम अदाओं और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों को देख दर्शक अत्यंत खुश नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं वंदना गीत से हुई। समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवी परमेश्वर वर्मा रहीं, जबकि अध्यक्षता सरपंच देवकुमारी देवेंद्र वैष्णव ने की। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य ओंमकारेश्वरी चुम्मन साहू, डॉ. रामावतार कश्यप, रेवती पवन पटेल, डिगेश्वरी राकेश साहू एवं सीताराम यादव सहित पंचगण उपस्थित रहे। शाला की प्रधान पाठक हिम कल्याणी सिन्हा एवं सहायक शिक्षिका हेमलता ठाकुर द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। मंच संचालन का कार्य शिक्षाविद डाकवर ठाकुर ने किया।

### प्रस्तुतियों पर झूमे दर्शक

अतिथि स्वागत के पश्चात बच्चों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को मंच पर जीवंत कर दिया। राउत नाचा, पंथी नृत्य, बस्तरिहा गीत एवं पारंपरिक जस गीत की प्रस्तुतियों पर दर्शक झूम उठे और तालियों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर प्रधान पाठक हिम कल्याणी सिन्हा ने कहा कि वार्षिक उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान कर उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना है। ऐसे आयोजन बच्चों के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास के साथ-साथ विद्यालय, पालक और समाज के बीच सामुदायिक भावना को मजबूत करते हैं।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में साजा बीआरसी खोमलाल साहू, अकोला के पूर्व प्रधान पाठक गंगाराम कश्यप, शासकीय प्राथमिक शाला भूसेंडी के प्रधान पाठक संजीव तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजू मेश्राम, सचिव परस साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रोमन ठाकुर, उपाध्यक्ष जगाधर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने प्रधान पाठक हिम कल्याणी सिन्हा के कार्यों की सराहना करते हुए हर्षोल्लास के साथ वार्षिक उत्सव मनाया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411